झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
सत्यमेव जयते

2023

जीवनांक 2023 : एक समीक्षात्मक अध्ययन



अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय,

(योजना एवं विकास विभाग)

झारखण्ड, राँची

2023

जीवनांक 2023 : एक समीक्षात्मक अध्ययन

(निरंतर द्वितीय प्रकाशन)

सम्पादकीय

''जीवनांक 2023: एक समीक्षात्मक अध्ययन'' नामक पुस्तक को प्रकाशित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है। इस पुस्तक के प्रकाशन में अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, झारखण्ड, राँची के जीवनांक शाखा के कर्मियों की भूमिका सराहनीय रही है। इस पुस्तक में झारखण्ड राज्य से सम्बन्धित वर्ष 2023 के जन्म–मृत्यु के निबंधन संबंधी आँकड़ों को समावेशित किया गया है। साथ ही मृत–जन्म संबंधी आँकड़े तथा MCCD से संबंधित आँकड़े भी पुस्तक के अभिन्न अंग बन गये हैं।

उम्मीद की जाती है कि प्रस्तुत पुस्तक झारखण्ड राज्य के जन्म–मृत्यु निबंधन संबंधी आँकड़ों के प्रदर्शन एवं उनके विश्लेषण का एक महत्वपूर्ण साधन होगा।

सधन्यवाद !

अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय,
योजना एवं विकास विभाग,
झारखण्ड, राँची
के द्वारा संकलित एवं प्रकाशित।



माननीय विभागीय मंत्री /
Honourable Minister

योजना एवं विकास विभाग
Planning and Development Department
झारखण्ड सरकार /Govt. of Jharkhand



संदेश

अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा **"जीवनांक 2023: एक समीक्षात्मक अध्ययन"** का प्रकाशन कराया जा रहा है। यह निदेशालय द्वारा किया गया जीवनांक सम्बन्धी लगातार दूसरा प्रकाशन है जो कि एक सराहनीय प्रयास है, जिसमें जन्म एवं मृत्यु निबंधन के वर्ष 2023 के आँकड़ों को सम्मिलित किया गया है। पुस्तक विशेषतः दो उपभागों में है– राज्य स्तरीय जन्म–मृत्यु निबंधन एवं जिला स्तरीय जन्म–मृत्यु निबंधन। दोनों ही उपभागों को मिलाकर यह एक पुस्तिका प्रकाशित की जा रही है।

वर्ष 2023 में बने जन्म और मृत्यु का पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2023 को भी इसमें शामिल किया गया है। 01 जुलाई 2024 से ORGI द्वारा उन्नत पोर्टल भी पूरे झारखण्ड राज्य में लागू है। पुस्तक में जन्म–मृत्यु के आँकड़ों को दण्ड–चार्ट, वृत चार्ट एवं अन्य विशलेषणों से सरल बनाने का प्रयास किया गया है।

आशा है यह पुस्तक सभी शिक्षाविदों, प्रेस के मित्रों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं नीति–निर्माताओं के लिये उपयोगी साबित होगी।

शुभकामनाओं सहित ।

माननीय मंत्री
योजना एवं विकास विभाग,
झारखण्ड, राँची।

मस्तराम मीना,
Mastram Meena
प्रधान सचिव / **Principal Secretary**



योजना एवं विकास विभाग
Planning and Development Department
झारखण्ड सरकार /Govt. of Jharkhand
योजना भवन, झारखण्ड मंत्रालय, नेपाल हाऊस, डोरण्डा,
राँची–834002
Yojna Bhawan, Ministry of Jharkhand, Nepal House,
Doranda, Ranchi-834002

संदेश

झारखण्ड राज्य का जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण संबंधी वर्ष 2023 का वार्षिक प्रतिवेदन सचिव–सह–मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु), योजना एवं विकास विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण, 1969 की धारा 4(4) एवं 19(2) के तहत प्रकाशित किया जा रहा है।

झारखण्ड के जीवनांक संबंधी 2023 के वार्षिक प्रतिवेदन को दो भागों में विभक्त किया गया है। प्रथम भाग में राज्यस्तरीय जीवनांक सम्बन्धी प्रतिवेदन का संलग्न करते हुए उन्हें सारणीयन, वृत चार्ट, दण्ड चार्ट आदि के माध्यम से दर्शाया गया है। पुस्तक के दूसरे भाग में सभी जिलों के जीवनांक सम्बन्धी आँकडों का विश्लेषण किया गया है।

जन्म एवं मृत्यु निबंधन के अतिरिक्त मृत–जन्म सम्बन्धी आँकड़ों का भी विश्लेषण किया गया है। साथ ही मृत्यु के कारणों के चिकित्सीय प्रमाणीकरण का भी विश्लेषण किया गया है। इस तरह इस पुस्तक में झारखण्ड राज्य के वर्ष 2023 के जीवनांक सम्बन्धी आँकड़ों को बेहतर तरीके से समीक्षात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक के संकलन में जीवनांक शाखा के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रशंसनीय भूमिका रही है।

आशा है कि यह पुस्तक जीवनांक आँकड़ों के प्रादेशिक विशेषताओं को परिलक्षित करने में सहायक होगी एवं शोधार्थियों के लिए भी उपयोगी साबित होगी।

(मस्तराम मीना)
प्रधान सचिव–सह–
मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु),
योजना एवं विकास विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राजीव रंजन,
Rajeev Ranjan

निदेशक / **Director**
E-mail: dsejharkhand@gmail.com



अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय
Directorate of Economics & Statistics
योजना एवं विकास विभाग
Planning and Development Department
झारखण्ड सरकार /Govt. of Jharkhand
योजना भवन, झारखण्ड मंत्रालय, नेपाल हाऊस, डोरण्डा, राँची–834002
Yojna Bhawan, Ministry of Jharkhand, Nepal House, Doranda, Ranchi-834002

प्रस्तावना

झारखण्ड राज्य में जन्म, मृत्यु एवं मृत जन्म का निबंधन जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 एवं झारखण्ड जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियमावली, 2009 के आधार पर किया जाता है। RBD Act, 1969 के अनुसार प्रत्येक जन्म और मृत्यु के निबंधन को वैधानिक बनाया गया है। इसी क्रम में भारत का महारजिस्ट्रार कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा RBD Act, 1969 में कुछ आवश्यक संशोधन के उपरांत गजट अधिसूचना जारी की गई है। साथ ही Draft Model Registration of Births and Deaths (Amendment) Rules, 2023 के आधार पर जन्म–मृत्यु निबंधन संबंधी संशोधित नियम बनाने की प्रक्रिया जारी है।

1 जुलाई 2024 से सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में जन्म–मृत्यु निबंधन हेतु Revamped CRS Portal को लागू किया गया है। CRS Portal में किये गये संशोधन से जन्म–मृत्यु निबंधन की प्रक्रिया सरल हुई है एवं यह आम जनों के लिए भी लाभदायक है। वर्ष 2024 से Revamped CRS Portal पूर्णरूपेण Functional हो जायेगा एवं इससे जन्म–मृत्यु निबंधन दर में वृद्धि होगी।

झारखण्ड में ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक निबंधन इकाई स्थापित है जिनमें पंचायत सचिव / प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी / कार्यपालक पदाधिकारी / विशेष पदाधिकारी / चिकित्सा पदाधिकारी / उपाधीक्षक आदि को निबंधक (जन्म–मृत्यु) घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त निबंधन कार्य को गति प्रदान करने हेतु सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी एवं कनीय सांख्यिकी सहायक को उप निबंधक भी घोषित किया गया है।

राज्य के सभी चौकीदार, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया एवं सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक को जन्म–मृत्यु निबंधन हेतु सूचक घोषित किया गया है। प्रस्तुत लघु पुस्तिका में मुख्यतः वर्ष 2023 से सम्बन्धित झारखण्ड जन्म–मृत्यु निबंधन सम्बन्धी आँकड़ों का समावेश करते हुए उनका विश्लेषण भी किया गया है जिससे राज्य के जन्म–मृत्यु निबंधन स्तर को अच्छी तरह समझा जा सकता है।

पुस्तिका के संकलन में जीवनांक शाखा के पदाधिकारियों एवं कर्मियों का योगदान सराहनीय रहा है।

(राजीव रंजन)
निदेशक–सह–अपर मुख्य रजिस्ट्रार
(जन्म–मृत्यु), झारखण्ड, राँची।

जीवनांक–2023–एक समीक्षात्मक अध्ययन

Index-

भाग–1

क्रं0	विषय	पृष्ठ संख्या
1	झारखण्डः एक परिचय	01
2	झारखण्डः एक परिचय (जीवनांक–2023)	02–31
	भाग–2	
जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययनः–		
क्रं0	जिला का नाम	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	सिमडेगा	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	32–39
2.	रामगढ़	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	40–47
3.	खूँटी	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	48–55
4.	राँची	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	56–64
5.	जामताड़ा	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	65–73
6.	साहेबगंज	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	74–81
7.	देवघर	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	82–90
8.	पश्चिमी सिंहभूम	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	91–99
9.	दुमका	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	100–108
10.	गढ़वा	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	109–116
11.	लातेहार	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	117–125
12.	गुमला	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	126–133
13.	लोहरदगा	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	134–142
14.	धनबाद	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	143–151
15.	सरायकेला–खरसावाँ	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	152–160
16.	पलामू	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	161–169
17.	चतरा	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	170–177
18.	हजारीबाग	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	178–186
19.	कोडरमा	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	187–195
20.	गोड्डा	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	196–204
21.	गिरिडीह	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	205–213
22.	पूर्वी सिंहभूम	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	214–222
23.	बोकारो	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	223–230
24.	पाकुड़	जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन–2023	231–239



झारखण्ड सरकार

जीवनांक 2023: एक समीक्षात्मक अध्ययन

भाग–1

झारखण्ड: एक परिचय

झारखण्डः एक परिचय



क्षेत्रफल (वर्ग किमी.)	79714 वर्ग किमी.
प्रमण्डलों की संख्या	5
जिलों की संख्या	24
अनुमण्डलों की संख्या	38
प्रखण्डों की संख्या	264
राज्य की कुल जनसंख्या	32988134
साक्षरता दर, 2011	66.41%
पुरूष साक्षरता दर, 2011	76.84%
महिला साक्षरता दर, 2011	55.42%
जनसंख्या घनत्व, 2011	414
लिंगानुपात, 2011	949
अनुसूचित जाति की जनसंख्या, 2011	3985644
अनुसूचित जाति का प्रतिशत, 2011	12.08%
अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या, 2011	8645042
अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत, 2011	26.21%
ग्राम की संख्या	32394
लोक सभा सीट	14
राज्य सभा सीट	6
विधान सभा सीट	82

झारखण्डः एक परिचय
(जीवनांक – 2023)

झारखण्डः कुल जीवित जन्म के अनुसार वर्गीकरण



झारखण्ड, भारत का एक पूर्वी राज्य है। इसका निर्माण 15 नवम्बर 2000 को 28 वें राज्य के रूप में बिहार से अलग करके किया गया है। खनिज संसाधनों से परिपूर्ण यह एक पठारी राज्य है। इस राज्य की राजधानी राँची एवं उप राजधानी दुमका है। इसका अक्षांशीय विस्तार $21^0$58′10" उत्तरी अक्षांश से $25^0$19′15" उत्तरी अक्षांश तक तथा देशांतरीय विस्तार $83^0$19′50"पूर्वी देशान्तर से $87^0$57′पूर्वी देशान्तर तक है। राज्य का क्षेत्रफल 79,714 वर्ग किमी है (देश में 15वाँ स्थान) जो देश के कुल क्षेत्रफल का 2.42% है। राज्य की उत्तर से दक्षिण की लम्बाई 380 कि0मी0 एवं पश्चिम से पूरब की लम्बाई 463 किमी है। यहाँ की प्राकृतिक छटा अत्यन्त मनोरम है।

राज्य में कुल 5 प्रमण्डल एवं 24 जिले हैं। अनुमण्डलों की कुल संख्या 45 जबकि प्रखण्डों की कुल संख्या 264 है। इस राज्य में ग्राम पंचायतों की कुल संख्या 4353 है एवं कुल ग्रामों की संख्या 32394 है। राज्य में शहरी निकायों की कुल संख्या 49 है। 49 शहरी स्थानीय निकायों में नगर निगम की संख्या 9, नगर परिषद की संख्या 20, नगर पंचायत की कुल संख्या 19 तथा अधिसूचित क्षेत्र समिति की संख्या 1 है। एक लाख से 10 लाख के बीच आबादी वाले शहरों की कुल संख्या 10 है।

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य की कुल जनसंख्या 3,29,88,134 है जिनमें पुरूष जनसंख्या 1,69,30,315 तथा महिला जनसंख्या 1,60,57,819 है। झारखण्ड की जनसंख्या देश की कुल जनसंख्या का 2.72% है। जनसंख्या की दृष्टि से झारखण्ड देश का 14वाँ राज्य है।

1 अप्रैल 2023 को झारखण्ड की अनुमानित जनसंख्या 40100376 है जिसमें पुरूष जनसंख्या 20585408 तथा महिला जनसंख्या 19514967 है। वर्ष 2023 में अनुमानित जनसंख्या के आधार पर लिंगानुपात 948 है।

वर्ष 2022 में पूरे राज्य में कुल 7,02,144 जन्म का निबंधन हुआ है। उक्त निबंधन में 3,70,625 पुरूष जन्म निबंधन तथा 3,31,519 महिला जन्म निबंधन है जो वर्ष 2022 में झारखण्ड में अनुमानित जन्म का 76.40% है।

वर्ष 2023 में पूरे राज्य में कुल 974211 जन्म का निबंधन हुआ है। उक्त निबंधन में 514685 पुरूष जन्म निबंधन तथा 459526 महिला जन्म निबंधन है जो वर्ष 2022 में झारखण्ड में अनुमानित जन्म का 108.24% है।

वर्ष 2022 में पूरे राज्य में कुल 1,46,318 मृत्यु का निबंधन हुआ है। उक्त निबंधन में 1,01,779 पुरूष मृत्यु निबंधन तथा 44,539 महिला मृत्यु निबंधन है जो वर्ष 2022 में झारखण्ड में अनुमानित मृत्यु का 66.99% है।

वर्ष 2023 में पूरे राज्य में कुल 1,52,750 मृत्यु का निबंधन हुआ है। उक्त निबंधन में 10,2440 पुरूष मृत्यु निबंधन तथा 50,310 महिला मृत्यु निबंधन है जो वर्ष 2022 में झारखण्ड में अनुमानित मृत्यु का 71.80% है।

वर्ष 2022 में पूरे राज्य में कुल 767 मृत जन्म का निबंधन हुआ है। उक्त निबंधन में 432 पुरूष मृत जन्म निबंधन तथा 335 महिला मृत जन्म निबंधन है।

वर्ष 2023 में पूरे राज्य में कुल 995 मृत जन्म का निबंधन हुआ है। उक्त निबंधन में 590 पुरूष मृत जन्म निबंधन तथा 405 महिला मृत जन्म निबंधन है।

जन्म एवं मृत्यु निबंधन हेतु प्रशासनिक तंत्र :- झारखण्ड राज्य में जन्म, मृत्यु एवं मृत जन्म की घटनाओं के निबंधन हेतु कुल 4962 निबंधन इकाई कार्यरत है। शहरी क्षेत्र हेतु कुल 52 निबंधन इकाई है, उक्त 52 निबंधन इकाइयों में सभी 49 शहरी निकाय निबंधन इकाई घोषित है तथा 3 अन्य निबंधन इकाई (बोकारो स्टील लिमिटेड बोकारो, छावनी परिषद, रामगढ़ एवं दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर, पश्चिमी सिंहभूम),

जो शहरी क्षेत्र में अवस्थित है। ग्रामीण क्षेत्र में कुल 4353 पंचायत, निबंधन इकाई घोषित है। राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज–सह–अस्पताल, एम्स देवघर, सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निबंधन इकाई घोषित है, जिसकी कुल संख्या 555 है। 2 अन्य निबंधन इकाई मिलिट्री अस्पताल नामकुम, राँची एवं सीमा सशस्त्र बल मेरू, हजारीबाग हैं।

जन्म एवं मृत्यु निबंधन कार्य का सुचारू रूप से संचालन हेतु राज्य, जिला एवं इसके नीचे ग्राम पंचायत स्तर तक एक सुव्यस्थित प्रशासनिक तंत्र कायम है जो निम्न प्रकार है:-

(क) राज्य स्तर

सचिव,
–सह–
मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म एवं मृत्यु), योजना एवं विकास विभाग झारखण्ड

↓

निदेशक
–सह–
अपर मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म एवं मृत्यु), झारखण्ड
(अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, झारखण्ड, राँची)
(संचालक)

.....

निदेशक
–सह–
अपर मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म एवं मृत्यु), झारखण्ड
परिवार नियोजन, स्वास्थ्य सेवाएँ झारखण्ड, राँची)

.....

निदेशक
–सह–
अपर मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म एवं मृत्यु), झारखण्ड
(पंचायती राज निदेशालय, झारखण्ड, राँची)

↓

संयुक्त निदेशक, (जीवनांक)–सह–संयुक्त मुख्य रजिस्ट्रार
(जन्म एवं मृत्यु), झारखण्ड
(अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, झारखण्ड, राँची)

↓

उप निदेशक, (जीवनांक)–सह–उप मुख्य रजिस्ट्रार
(जन्म एवं मृत्यु), झारखण्ड
(अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, झारखण्ड, राँची)

(ख) जिला स्तर एवं उसके नीचे

उपायुक्त–सह–जिला रजिस्ट्रार
(जन्म–मृत्यु)

1. जिला सांख्यिकी पदाधिकारी –सह– अपर जिला रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) (शहरी क्षेत्र)

(i) (उप नगर प्रशासक/सहायक नगर आयुक्त–सह–रजिस्ट्रार (जन्म एवं मृत्यु) संबंधित नगर निगम

(ii) कार्यपालक पदा0/विशेष पदाधिकारी –सह–रजिस्ट्रार संबंधित नगर परिषद्/नगर पंचायत/अधिसूचित क्षेत्र समिति, जमेशदपुर/छावनी पर्षद रामगढ़

(iii) वरीय स्वास्थ्य पदा0–बोकारो स्टील सिटी, बोकारो

(iv) रजिस्ट्रार–नामकुम मिलिट्री अस्पताल, नामकुम, राँची

(v) सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी/प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक/कनीय सांख्यिकी सहायक–सह–उप रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) संबंधित नगर निगम/नगर परिषद्/नगर पंचायत/अधिसूचित क्षेत्र समिति, जमेशदपुर

2. प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– अपर जिला रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) (ग्रामीण क्षेत्र)

संबंधित प्रखंड क्षेत्र

पंचायत सचिव –सह– रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) संबंधित ग्राम पंचायत क्षेत्र

3. सिविल सर्जन –सह– अपर जिला रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु)

(क) उपाधीक्षक–सह–रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) संबंधित चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल/सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल

(ख) प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी–सह– रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/रेफरल अस्पताल/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/सीमा सुरक्षा बल केन्द्र, मेरू (हजारीबाग)

जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969– यह अधिनियम पूरे देश में लागू है। झारखण्ड राज्य में जन्म एवं मृत्यु निबंधन के सभी कार्य जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 एवं इस पर आधारित झारखण्ड जन्म और मृत्यु नियमावली, 2009 के अनुसार online सम्पादित हो रहे हैं। ऑनलाइन सभी निबंधन कार्य भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय नई दिल्ली के अधिकृत crs portal:- crsorgi. gov.in पर किया जाता है। उक्त crs portal में भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा विकसित universal crs software का उपयोग किया गया है। ऑनलाईन निबंधन के सभी डाटा ORGI New Delhi के National Data Center में रखा जाता है।

इस अधिनियम के द्वारा जन्म एवं मृत्यु की घटनाओं का निबंधन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। धारा–8 (क) एवं धारा–9 के अनुसार घर में घटित जन्म एवं मृत्यु की घटनाओं के निबंधन हेतु घर के प्रधान या उनके प्रतिनिधि द्वारा निबंधक को निबंधन हेतु सूचना देना अनिवार्य है। जन्म की घटना के लिए निबंधन हेतु सूचना जन्म रिपोर्ट प्रपत्र–1, गोद लिए गये बच्चों का निबंधन हेतु सूचना जन्म रिपोर्ट प्रपत्र–1–A, मृत्यु की घटना के लिए निबंधन हेतु मृत्यु रिपोर्ट प्रपत्र–2 और मृत जन्म की घटना के लिए मृत जन्म रिपोर्ट प्रपत्र–3 में दिया जाना है। घटना के 21 दिनों के अन्दर निबंधक को सूचना देने पर प्रमाण–पत्र निर्गत करने के लिए बिलम्ब शुल्क नहीं लिया जाता है तथा निःशुल्क प्रमाण पत्र देने का प्रावधान है। निर्धारित अवधि के बाद जन्म/मृत्यु की घटना की सूचना धारा 13 के अनुसार दिया जाना तथा अनुपालन किया जाना है।

अध्याय–2

जीवनांक की घटनाओं का विश्लेषण

जीवित जन्म निबंधन

वर्ष 2023 में जीवित जन्म निबंधन की कुल संख्या 974211 है, जिसमें 514685 पुरूष निबंधन, 459526 महिला निबंधन और 109 ट्रांसजेन्डर निबंधन है। इस निबंधन से स्पष्ट है की महिला निबंधन से पुरूष निबंधन अधिक है। कुल जन्म निबंधन में पुरूष निबंधन लगभग 53% और महिला निबंधन 47% है। लिंगानुपात 893 है। सारणी 2.1 के आधार पर दण्ड चार्ट की प्रस्तुति सारणी 2.2 में की गई है, जो निम्नवत है।

सारणी 2.1

लिंग के आधार पर जन्म निबंधन

लिंग	जन्म निबंधन की संख्या	प्रतिशत (%)
पुरूष	514685	52.82
महिला	459526	47.17
ट्रांसजेन्डर	109	0.001

सारणी 2.2

वर्ष 2023 में लिंगवार जन्म निबंधन का प्रतिशत वितरण (दण्ड चार्ट)



वर्ष 2023 में क्षेत्र के आधार पर झारखण्ड के ग्रामीण क्षेत्र में कुल जीवित जन्म निबंधन 655019 तथा शहरी क्षेत्र में कुल जीवित जन्म निबंधन 319192 है। सारणी 2.3 के आधार पर 2.4 में चित्रात्मक प्रस्तुति की गई है, जो निम्नवत है:-

सारणी 2.3
क्षेत्रवार जन्म निबंधन

ग्रामीण / शहरी	जीवित जन्म निबंधन की संख्या	प्रतिशत (%)
ग्रामीण	655019	67.24
शहरी	319192	32.76
कुल	974211	100

सारणी 2.4
वर्ष 2023 में क्षेत्र के आधार पर जन्म निबंधन (वृत चार्ट)



2.2 जन्म रजिस्ट्रीकरण में समय अंतराल :–

जन्म निबंधन को समय अंतराल के आधार पर चार भागों में बाटा गया है, जो इस प्रकार है:-

1. निर्धारित समय अवधि 21 दिनों के अन्दर
2. 21 दिनों के बाद परन्तु 30 दिनों के अन्दर
3. 30 दिनों के बाद परन्तु 1 वर्ष के अन्दर
4. 1 वर्ष के बाद

RBD Act के अनुसार जन्म की घटना के 21 दिनों के अन्दर धारा 8 एवं 9 अर्न्तगत निबंधन हेतु सूचना देने पर निःशुल्क जन्म प्रमाण पत्र देने का प्रावधान है। 21 दिनों के बाद सूचना देने पर सभी निबंधन को बिलम्बित निबंधन की श्रेणी में रखा गया है, जिसका निबंधन धारा 13 एवं नियम 9 के अनुसार किया जाता है।

वर्ष 2023 में जीवित जन्म निबंधन का समय अंतराल में वर्गीकरण करने पर पाया गया कि निर्धारित समय अवधि में कुल जन्म निबंधन 61.48% और 21 दिनों के बाद बिलम्बित निबंधन 38.52% है जिसे सारणी 2.5 एवं 2.6 में दर्शाया गया है।

सारणी 2.5
जीवित जन्म निबंधन का समय अंतराल में वर्गीकरण

क्र0	जन्म रजिस्ट्रीकरण में समय अंतराल	जन्म निबंधन की संख्या	प्रतिशत (%)
1.	निर्धारित समय अवधि 21 दिनों के अन्दर	598974	61.48
2.	21 दिनों के बाद परन्तु 30 दिनों के अन्दर	7140	0.73
3.	30 दिनों के बाद परन्तु 1 वर्ष के अन्दर	47664	4.89
4.	1 वर्ष के बाद	320433	32.89

सारणी 2.6
वर्ष 2023 में जीवित जन्म निबंधन का समय अंतराल में वर्गीकरण (दण्ड चार्ट)



2.3 माहवार जीवित जन्म निबंधन :–

वर्ष 2023 में कुल जन्म निबंधन 974211 का माहवार अध्ययन करने पर पाया गया कि माह अगस्त 23 (124689, 12.80%) में सबसे अधिक निबंधन हुआ है और माह जून 23 (57818, 5.93%) में सबसे कम निबंधन हुआ है। माहवार निबंधन आकड़ों को सारणी 2.7 में दर्शाया गया है।

सारणी–2.7
वर्ष 2023 में माहवार जन्म निबंधन का आंकड़ा

माह का नाम	कुल	प्रतिशत (%)
जनवरी	62021	6.3
फरवरी	62202	6.38
मार्च	66036	6.78
अप्रैल	65572	6.73
मई	67236	6.90
जून	57818	5.93
जुलाई	89111	9.15
अगस्त	124689	12.80

माह का नाम	कुल	प्रतिशत (%)
सितम्बर	98408	10.10
अक्टूबर	115152	11.82
नवम्बर	82781	8.50
दिसम्बर	83185	8.54
कुल	**974211**	100

सारणी–2.8

वर्ष 2023 में माहवार जन्म निबंधन का आंकड़ा (दण्ड चार्ट)



2.4 जीवित जन्म निबंधन के आधार पर लिंगानुपात (माहवार/वर्ष) :–

वर्ष 2023 में माहवार कुल महिला एवं पुरूष का जन्म निबंधन तथा माहवार लिंगानुपात की सारणी 2.9 एवं सारणी 2.10 में दर्शाया गया है। माह फरवरी में सर्वाधिक लिंगानुपात 919 है और माह जून में निम्नतम लिंगानुपात 864 है।

सारणी 2.9

वर्ष 2023 में जन्म निबंधन के आधार पर माहवार झारखण्ड राज्य का लिंगानुपात

माह का नाम	जन्म निबंधन की संख्या			लिंगानुपात
	पुरूष	महिला	कुल	
जनवरी	32437	29584	62021	912
फरवरी	32408	29794	62202	919
मार्च	34797	31239	66036	898
अप्रैल	34603	30969	65572	895
मई	35843	31393	67236	876
जून	31026	26792	57818	864
जुलाई	47225	41886	89111	887
अगस्त	66121	58568	124689	886
सितम्बर	48666	46742	98408	960
अक्टूबर	60833	54319	115152	893
नवम्बर	43566	39215	82781	900
दिसम्बर	44160	39025	83185	884
कुल	**511685**	**459526**	**974211**	**893**

सारणी 2.10



जिलावार लिंगानुपात

वर्ष 2023 में जिलावार जीवित जन्म निबंधन की समीक्षा में पाया गया की पुरूष निबंधन एवं महिला निबंधन के आधार पर लिंगानुपात निम्न प्राप्त हो रहे हैं। सिमडेगा जिला में प्रति 1000 पुरूष निबंधन पर 1045 महिला निबंधन है जो सर्वाधिक लिंगानुपात है और कोडरमा जिला में 1000 पुरूष निबंधन पर 793 महिला निबंधन है जो सबसे कम लिंगानुपात है। लोहरदगा, जामताड़ा, गोड्डा, लातेहार, गढ़वा, राँची, खूँटी, साहेबगंज, पाकुड़, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावाँ एवं गुमला में 1000 पुरूष निबंधन पर 901 से अधिक महिला निबंधन है। हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, रामगढ़, धनबाद, दुमका, पलामू, देवघर, पूर्वी–सिंहभूम, गिरिडीह एवं बोकारो में 1000 पुरूष निबंधन पर 801 से 900 के बीच महिला निबंधन है, जो इन जिलों में महिला निबंधन की चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। सारणी 2.11 एवं सारणी 2.12 में झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत पुरूष निबंधन एवं महिला निबंधन के आधार पर जिलावार लिंगानुपात दर्शाया गया है:–

सारणी 2.11

वर्ष 2023 में जिलावार लिंगानुपात				
जिला का नाम	जीवित जन्म निबंधन की संख्या			लिंगानुपात
	पुरूष	महिला	कुल	
हजारीबाग	24952	20261	45213	812
चतरा	13122	10501	23623	800
कोडरमा	13382	10618	24000	793
रामगढ़	12536	10563	23099	843
धनबाद	33481	29604	63085	884
लोहरदगा	12384	12089	24473	976
दुमका	14690	13222	27912	900
जामताड़ा	43653	41557	85210	952
गोड्डा	19078	17551	36629	920
पलामू	29435	25219	54654	857
लातेहार	10912	10097	21009	925
गढ़वा	18052	16383	34435	908

वर्ष 2023 में जिलावार लिंगानुपात				
जिला का नाम	जीवित जन्म निबंधन की संख्या			लिंगानुपात
	पुरूष	महिला	कुल	
राँची	40698	36704	77402	902
खूँटी	9306	9053	18359	973
देवघर	23979	19261	43240	803
साहेबगंज	20844	19085	39929	916
पाकुड़	12845	12282	25127	956
पूर्वी–सिंहभूम	29914	26707	56621	893
पश्चिमी–सिंहभूम	25470	24081	49551	945
सरायकेला–खरसावाँ	13382	12465	25847	931
गुमला	25337	24261	49598	958
सिमडेगा	11955	12491	24446	1045
गिरिडीह	30558	24790	55348	811
बोकारो	24720	20681	45401	837
कुल	**514685**	**459526**	**974211**	**893**

सारणी 2.12



2.5 प्रसव के समय प्राप्त चिकित्सा सहायता

प्रसव के समय प्राप्त चिकित्सीय सहायता के आधार पर प्रतिशत के रूप में जीवित जन्म के सारणी 2.13, 2.14, 2.15 एवं 2.16 में दिखाया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में सबसे अधिक सुरक्षित प्रसव सरकारी अस्पताल में 55.36% में हुआ है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के निजी अस्पताल में 1.81%, चिकित्सक, नर्स एवं दाई 5.23%, पारम्परिक जन्म परिचर 24.33%, संबंधी एवं अन्य द्वारा 13.27% और अन्य तरीके (कहा नहीं जा सकता) तरीके से 0.001% सुरक्षित प्रसव हुआ है।

शहरी क्षेत्र में सबसे अधिक सुरक्षित प्रसव सरकारी अस्पताल में 52.93% और निजी अस्पताल में 32.78% हुआ है। वहीं शहरी क्षेत्र के चिकित्सक, नर्स एवं दाई 5.62%, पारम्परिक जन्म परिचर 4.61%, संबंधी एवं अन्य द्वारा 4.03% और अन्य तरीके (कहा नहीं जा सकता) तरीके से 0.03% सुरक्षित प्रसव हुआ है।

सारणी 2.13

वर्ष 2023 में प्रसव के समय सहायता का प्रकार								
ग्रामीण/ शहरी	सरकारी अस्पताल	निजी अस्पताल	कुल	चिकित्सक, नर्स एवं दाई	पारंपरिक जन्म परिचर	संबंधी एवं अन्य	कहा नहीं जा सकता	कुल
ग्रामीण	55.36	1.81	57.16	5.23	24.33	13.27	0.001	**100**
शहरी	52.93	32.78	85.71	5.62	4.61	4.03	0.03	**100**

सारणी 2.14



2.6 प्रसव की विधि और अस्पतालों में जन्म (ग्रामीण एवं शहरी) के लिए अस्पताल का प्रकार

प्रसव की विधि और अस्पतालों में जन्म (ग्रामीण एवं शहरी) के लिए अस्पतालों के प्रकार को दर्शाने हेतु सारणी 2.15 एवं 2.16 नीचे दिया गया है। दोनों सारणियों से यह स्पष्ट है कि सामान्य प्रसव ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी अस्पताल में सर्वाधिक हुआ है जो सभी अस्पतालों में हुए कुल प्रसव का 57.77% है जबकि शहरी क्षेत्र के निजी एवं गैर सरकारी अस्पताल में सिजिरियन प्रसव सर्वाधिक हुए है, जो सभी अस्पतालों में हुए कुल प्रसव का 92.63% है। शहरी सरकारी अस्पताल में सामान्य प्रसव 33.01% है। शहरी निजी एवं गैर सरकारी अस्पताल में सामान्य प्रसव 6.43% है। सारणी से स्पष्ट है कि अस्पताल प्रशासन सुरक्षित प्रसव के लिए अत्यधिक तत्पर है।

सारणी 2.15

प्रसव की विधि और अस्पतालों में जन्म (ग्रामीण एवं शहरी) के लिए अस्पताल का प्रकार								
प्रसव का प्रकार	सरकारी अस्पताल		निजी और गैर सरकारी अस्पताल		कहा नहीं जा सकता		कुल	
	ग्रामीण	शहरी	ग्रामीण	शहरी	ग्रामीण	शहरी	ग्रामीण	शहरी
सिजिरियन	1786	18566	4104	55494	0	0	5890	74060
फोरसेप/वैकुम	18	415	68	1648	0	0	86	2063
नार्मल	352471	135562	7318	41711	2	18	359791	177291
कहा नहीं जा सकता	8360	14419	375	5786	8	64	8743	20269
कुल	**362635**	**168962**	**11865**	**104639**	**10**	**82**	**374510**	**273683**

सारणी 2.16



2.7 माँ की उम्र और जन्म का क्रम

सारणी 2.17 एवं 2.18 में वर्ष 2022 में जीवित जन्म निबंधन के आधार पर माँ की उम्र और जन्म क्रम के अनुसार जीवित जन्म को दर्शाया गया है। 20–24 के प्रजनन आयु समूह में सबसे अधिक जीवित जन्म (353840) हुआ है और प्रथम बच्चे का जन्म (क्रम) में सबसे अधिक (उम्र कहा नही जा सकता) के प्रजनन आयु समूह में सबसे अधिक है। सभी प्रजनन आयु समूह में जन्म क्रम–1 के जीवित जन्म (674187) सर्वाधिक है। सभी प्रजनन आयु समूह में जन्म क्रम–2 के जीवित जन्म (182029) में दूसरा स्थान है। सभी प्रजनन आयु समूह में जन्म क्रम–3 के जीवित जन्म (75134) में तीसरा स्थान है। सभी प्रजनन आयु समूह में जन्म क्रम–4 के जीवित जन्म (24523) में चौथा स्थान है। इसी प्रकार आगे के जन्म क्रम में लगातार जीवित जन्म में गिरावट आयी है। आयु वर्ग 25 से अधिक प्रजनन आयु में जीवित जन्म में धीरे–धीरे गिरावट आयी है।

सारणी 2.17

वर्ष 2023 में जीवित जन्म निबंधन के आधार पर माँ की उम्र और जन्म क्रम के अनुसार जीवित जन्म									
माँ की उम्र	जन्म का क्रम								
	1	2	3	4	5	6	7+	कहा नही जा सकता	कुल
15 से नीचे	116	6	0	0	0	0	2	2	**126**
15-19	47308	1553	181	32	3	0	3	29	**49109**
20-24	239657	96046	15786	1979	241	45	17	69	**353840**
25-29	72880	61561	42689	11933	2477	509	145	29	**192223**
30-34	14860	14110	11201	7426	3524	1255	437	15	**52828**
35-39	3716	3461	2839	2011	1491	768	537	4	**14827**
40-44	749	467	403	307	284	187	184	1	**2582**
45 से ज्यादा	189	86	91	172	81	60	65	0	**744**
उम्र कहा नही जा सकता	294712	4739	1944	663	177	55	22	5620	**307932**
कुल	**674187**	**182029**	**75134**	**24523**	**8278**	**2879**	**1412**	**5769**	**974211**

सारणी 2.18



सारणी 2.19 एवं 2.20 में जीवित जन्म निबंधन के आधार पर और जन्म क्रम के अनुसार जीवित जन्म का प्रतिशत वितरण से स्पष्ट है की कुल जीवित शिशुओं में से जन्म क्रम–1 में जन्म 69.20% है, जो सर्वाधिक है। जन्म क्रम–2 में जीवित जन्म 18.68% और जन्म क्रम–3 में जीवित जन्म 7.71% है। जन्म क्रम–4 एवं आगे के उच्च कर्म में भी जीवित जन्म लगातार घटते क्रम में है।

सारणी 2.19

वर्ष 2023 में जीवित जन्म निबंधन के आधार पर और जन्म क्रम के अनुसार जीवित जन्म का प्रतिशत वितरण									
सभी प्रजनन आयु समूह में जन्म	जन्म का क्रम								
	1	2	3	4	5	6	7+	कहा नही जा सकता	कुल
प्रतिशत में (%)	69.20	18.68	7.71	2.52	0.85	0.30	0.14	0.59	100.0

सारणी 2.20



2.8 माता पिता के शिक्षा स्तर के आधार पर जीवित जन्म

सारणी 2.21, 2.22, 2.23 एवं 2.24 से स्पष्ट है की माता एवं पिता के शिक्षा के अनुसार बच्चों के जन्म का वर्गीकरण अनपढ़, प्राथमिक से कम, प्राथमिक से ऊपर परन्तु दसवीं से कम, दसवीं से ऊपर परन्तु स्नातक से कम, स्नातक और अधिक और कहा नहीं जा सकता में किया गया है। प्राथमिक से ऊपर और स्नातक से कम शिक्षा प्राप्त माता और पिता से सर्वाधिक जीवित जन्म हुआ है। स्नातक और उससे अधिक शिक्षा प्राप्त माता–पिता से कम जीवित जन्म हुआ है।

सारणी 2.21

वर्ष 2023 में माता पिता के शिक्षा स्तर के आधार पर जीवित जन्म		
शिक्षा स्तर	माता	पिता
अनपढ़	47723	40973
प्राथमिक से कम	51873	42614
प्राथमिक से ऊपर परन्तु दसवीं से कम	327520	282142
दसवीं से ऊपर परन्तु स्नातक से कम	261066	316261
स्नातक और अधिक	56607	67983
कहा नहीं जा सकता	229422	224238

सारणी 2.22



सारणी 2.23

वर्ष 2023 में माता पिता के शिक्षा स्तर के आधार पर जीवित जन्म का प्रतिशत वितरण		
शिक्षा स्तर	**माता (%)**	**पिता (%)**
अनपढ़	4.90	4.21
प्राथमिक से कम	5.32	4.37
प्राथमिक ऊपर परन्तु दसवीं से कम	33.62	28.96
दसवीं से ऊपर परन्तु स्नातक से कम	26.80	32.46
स्नातक और अधिक	5.81	6.98
कहा नहीं जा सकता	23.55	23.02

सारणी 2.24



अध्याय–3

जीवनांक की घटनाओं का विश्लेषण

3.1 मृत्यु निबंधन

वर्ष 2023 में मृत्यु निबंधन की कुल संख्या 152750 है, जिसमें 102432 पुरूष निबंधन, 50310 महिला निबंधन और 8 ट्रांसजेन्डर निबंधन है। मृत्यु निबंधन से स्पष्ट है कि पुरूष मृत्यु निबंधन, महिला मृत्यु से निबंधन अधिक है। कुल मृत्यु निबंधन में पुरूष निबंधन 67.06% और महिला निबंधन 32.94% है। लिंगानुपात 491 है। महिला मृत्यु निबंधन की स्थिति पुरूष निबंधन की तुलना में अच्छा नहीं है, इस कारण लिंगानुपात भी संतोषप्रद नहीं है। महिला की मृत्यु के निबंधन पर काफी प्रयास की आवश्यकता है। सारणी 3.1, 3.2 एवं 3.3 में चित्रात्मक प्रस्तुति की गई है, जो इस प्रकार है:-

सारणी 3.1

वर्ष 2023 में लिंग के आधार पर मृत्यु निबंधन

लिंग	मृत्यु निबंधन की संख्या	प्रतिशत
पुरूष	102432	67.06
महिला	50310	32.94
ट्रांसजेन्डर	8	0.01

सारणी 3.2



सारणी 3.3



वर्ष 2023 में क्षेत्र के आधार पर झारखण्ड के ग्रामीण क्षेत्र में मृत्यु निबंधन 102848, शहरी क्षेत्र में मृत्यु निबंधन 49902 और कुल मृत्यु निबंधन 152750 है। ग्रामीण क्षेत्र शहरी क्षेत्र की तुलना में बहुत बड़ा क्षेत्र है और ग्रामीण क्षेत्र की जनसंख्या शहरी जनसंख्या से दो गुना से भी अधिक है। ग्रामीण क्षेत्रों में मृत्यु निबंधन की संख्या शहरी क्षेत्रों में निबंधन की तुलना में दो गुना से अधिक है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों का मृत्यु निबंधन सारणी 3.4, 3.5 एव 3.6 में चित्रात्मक प्रस्तुति के रूप में की गई है, जो इस प्रकार है:–

सारणी 3.4
वर्ष 2023 में क्षेत्रवार मृत्यु निबंधन

ग्रामीण/शहरी	मृत्यु निबंधन की संख्या	प्रतिशत (%)
ग्रामीण	102848	67.33
शहरी	49902	32.67
कुल	**152750**	**100**

सारणी 3.5



सारणी 3.6



3.2 मृत्यु रजिस्ट्रीकरण में समय अंतराल

मृत्यु निबंधन को समय अंतराल के आधार पर चार भागों में बांटा गया है, जो इस प्रकार है:-

1. निर्धारित समय अवधि 21 दिनों के अन्दर
2. 21 दिनों के बाद परन्तु 30 दिनों के अन्दर
3. 30 दिनों के बाद परन्तु 1 वर्ष के अन्दर
4. 1 वर्ष के बाद

RBD Act के अनुसार मृत्यु की घटना के 21 दिनों के अन्दर धारा 8 एवं 9 के अर्न्तगत निबंधन हेतु सूचना देने पर निःशुल्क मृत्यु प्रमाण पत्र देने का प्रावधान है। 21 दिनों के बाद सूचना देने पर सभी निबंधन को बिलम्बित निबंधन की श्रेणी में रखा गया है,जिसका निबंधन धारा 13 एवं नियम 9 के अनुसार किया जाता है।

वर्ष 2023 में मृत्यु निबंधन को समय अंतराल में वर्गीकरण करने पर पाया गया कि निर्धारित समय अवधि में कुल मृत्यु निबंधन का 59.38% और 21 दिनों के बाद बिलम्बित निबंधन 40.62% है, जिसे सारणी 3. 7 एवं 3.8 में दर्शाया गया है।

सारणी 3.7
मृत्यु निबंधन का समय अंतराल में वर्गीकरण

क्र0	मृत्यु रजिस्ट्रीकरण में समय अंतराल	मृत्यु निबंधन संख्या	प्रतिशत (%)
1.	निर्धारित समय अवधि 21 दिनों के अन्दर	90704	59.38
2.	21 दिनों के बाद परन्तु 30 दिनों के अन्दर	7788	5.10
3.	30 दिनों के बाद परन्तु 1 वर्ष के अन्दर	34858	22.82
4.	1 वर्ष के बाद	19400	12.70

सारणी 3.8



3.3 माहवार मृत्यु निबंधन

वर्ष 2023 में कुल मृत्यु निबंधन 152750 का माहवार अध्ययन करने पर पाया गया कि माह अक्टूबर (14726, 9.64%) में सबसे अधिक निबंधन हुआ है और माह जून (9880, 6.47%) में सबसे कम निबंधन हुआ है। माहवार निबंधन आकड़ों को सारणी 3.9 एवं 3.10 में दर्शाया गया है।

सारणी–3.9
वर्ष 2023 में माहवार मृत्यु निबंधन का आंकड़ा

माह का नाम	कुल	प्रतिशत%
जनवरी	14422	9.44
फरवरी	14105	9.23
मार्च	12538	8.21
अप्रैल	12099	7.92
मई	11503	7.53
जून	9880	6.47
जुलाई	13622	8.92
अगस्त	12599	8.25
सितम्बर	13045	8.54
अक्टूबर	14726	9.64
नवम्बर	11903	7.79
दिसम्बर	12308	8.06
कुल	**152750**	**100**

सारणी–3.10



2.5 मृत्यु के समय प्राप्त चिकित्सा सहायता

मृत्यु के समय प्राप्त चिकित्सीय सहायता के आधार पर प्रतिशत में मृत्यु को सारणी 3.11 एवं 3.12 में दर्शाया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में सबसे अधिक मृत्यु घरों में (कोई चिकित्सीय सहायता नहीं) 94.38% हुआ है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के अस्पताल (संस्थान) में 2.62% एवं अस्पताल (संस्थान) के अतिरिक्त अन्य चिकित्सा सहायता से 2.99% मृत्यु हुई है। शहरी क्षेत्र में सबसे अधिक मृत्यु अस्पताल (संस्थान) में 63.84% और अस्पताल (संस्थान) के अतिरिक्त अन्य चिकित्सा सहायता से 10.62% हुआ है। वहीं घरों में मृत्यु (कोई चिकित्सीय सहायता प्राप्त नहीं) 25.54% हुआ है।

सारणी 3.11

वर्ष 2023 में मृत्यु के समय सहायता का प्रकार
(प्रतिशत वितरण)

ग्रामीण/शहरी	अस्पताल (संस्थान)	अस्पताल (संस्थान) के अतिरिक्त अन्य चिकित्सीय सहायता	कोई चिकित्सीय सहायता प्राप्त नहीं	चिकित्सीय सहायता के बारे में कहा नहीं जा सकता	कुल
0	1	2	3	4	5
ग्रामीण	2692	3085	97071	0	102848
शहरी	31858	5300	12744	0	49902
कुल	**34550**	**8385**	**109815**	**0**	**152750**

सारणी 3.12



3.4 मृतक का उम्र एवं लिंग

सारणी 3.13, 3.14 एवं 3.15 में वर्ष 2023 में मृत्यु निबंधन की उम्र एवं लिंग को दर्शाया गया है। सारणी से स्पष्ट है है कि 70 वर्ष एवं उससे अधिक के उम्र में सबसे अधिक मृत्यु 42320 हुई है जिसमें 26191 पुरूष और 16189 महिला मृत हुये है और उनका निबंधन किया गया है। 35 से ऊपर के उम्र में मृत्यु निबंधन की संख्या 133101 है जो झारखण्ड के पुरूष महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। एक साल से कम उम्र के नवजात शिशु का कुल मृत्यु निबंधन 2023 है, इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

सारणी 3.13

वर्ष 2023 में मृतक की उम्र एवं लिंग			
मृतक की उम्र (साल में)	**पुरूष**	**महिला**	**कुल**
1 साल से कम	1212	810	2022
1-4	190	190	380
5-14	629	515	1144
15-24	3305	1653	4958
25-34	7827	3310	11137
35-44	13826	4892	18718
45-54	18627	7441	26068
55-64	20611	9624	30235
65-69	9979	5720	15699
70 और उससे ऊपर	26191	16129	42320
उम्र कहा नहीं जा सकता	35	26	61
कुल	**102440**	**50310**	**152750**

सारणी 3.14



सारणी 3.15



अध्याय–4

जीवनांक की घटनाओं का विश्लेषण:- शिशु मृत्यु एवं मृत–जन्म

4.1 निबंधित शिशु मृत्यु

वर्ष 2023 में निबंधित शिशु मृत्यु (एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों का मृत्यु) को क्षेत्रवार (ग्रामीण/शहरी) सारणी 4.1, 4.2, 4.3, 4.4 एवं 4.5 में दर्शाया गया है। वर्ष 2023 में ग्रामीण क्षेत्रों में कुल शिशु मृत्यु 75 है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र में कुल मृत्यु 102848 है। शहरी क्षेत्रों में कुल शिशु मृत्यु 1947 है, जबकि शहरी क्षेत्र में कुल मृत्यु 49902 है। कुल शिशु मृत्यु 995 है और कुल मृत्यु निबंधन 152750 है। कुल ग्रामीण मृत्यु निबंधन की तुलना में ग्रामीण शिशु मृत्यु का हिस्सेदारी 0.07% है। इसी प्रकार कुल शहरी मृत्यु निबंधन की तुलना में शहरी शिशु मृत्यु की हिस्सेदारी 3.97% है।

सारणी 4.1

वर्ष 2023 में क्षेत्रवार शिशु मृत्यु का प्रतिशत वितरण

ग्रामीण/ शहरी	निबंधित मृत्यु	निबंधित शिशु मृत्यु	ग्रामीण/शहरी क्षेत्र के अनुसार निबंधित मृत्यु का हिस्सा (%)	कुल निबंधित मृत्यु की तुलना में निबंधित शिशु मृत्यु का हिस्सा (%)
ग्रामीण	102848	75	67.33	0.07
शहरी	49902	1947	32.67	3.90
कुल	**152750**	**2022**	**100**	**3.97**

सारणी 4.2



सारणी 4.3
वर्ष 2023 में लिंग के अनुसार शिशु मृत्यु का प्रतिशत वितरण

लिंग	निबंधित मृत्यु	निबंधित शिशु मृत्यु	लिंग के अनुसार निबंधित मृत्यु का हिस्सा (%)	कुल निबंधित मृत्यु की तुलना में लिंगवार निबंधित शिशु मृत्यु का हिस्सा (%)
पुरूष	102440	1212	67.06	1.18
महिला	50310	810	32.94	1.61
कुल	**152750**	**2022**	**100**	**2.79**

सारणी 4.4



सारणी 4.5



अध्याय–5

झारखण्ड राज्य में मृत–जन्म (Still Birth) की स्थिति

महिलाओं में गर्भावस्था के 28 सप्ताह बाद गर्भ से मृत भ्रूण के निष्कासन को मृत–जन्म (Still Birth) कहा जाता है। महिला, गर्भनाल (प्लेसेंटा) या भ्रूण में किसी समस्या के परिणामस्वरूप मृत–जन्म होता है। साधारणतया गर्भवती महिलाओं में प्रीएक्लेम्पसिया (एक प्रकार का उच्च रक्तचाप, जो गर्भावस्था के दौरान विकसित होता है), रक्त के थक्कों का विकार, एनीमिया, आनुवंशिक असामान्यता, मधुमेह, थायराईड विकार, गंभीर मोटापा एवं मादक पदार्थों का अत्याधिक सेवन, इत्यादि समस्याओं के कारण मृत–जन्म की घटना होती है।

झारखण्ड राज्य में मृत जन्म (Still Birth) की जिलावार स्थिति निम्नवतः है :-

सारणी 5.1

क्र0	जिला का नाम	वर्ष 2023			जिलावार प्रतिशत् (%)
		पुरूष	महिला	कुल	
1.	हजारीबाग	11	5	16	1.61
2.	चतरा	8	11	19	1.91
3.	कोडरमा	0	0	0	0.00
4.	रामगढ़	3	2	5	0.50
5.	धनबाद	157	98	255	25.63
6.	लोहरदगा	7	6	13	1.31
7.	दुमका	15	9	24	2.41
8.	जामताड़ा	10	12	22	2.21
9.	गोड्डा	11	10	21	2.11
10.	पलामू	2	3	5	0.50
11.	लातेहार	102	70	172	17.29
12.	गढ़वा	18	17	35	3.52
13.	राँची	16	17	33	3.32
14.	खूँटी	0	0	0	0.00
15.	देवघर	50	29	79	7.94
16.	साहेबगंज	24	15	39	3.92
17.	पाकुड़	6	10	16	1.60
18.	पूर्वी–सिंहभूम	44	30	74	7.44
19.	पश्चिमी–सिंहभूम	5	0	5	0.50
20.	सरायकेला–खरसाँवा	19	13	32	3.22
21.	गुमला	45	23	68	6.83
22.	सिमडेगा	0	0	0	0.00
23.	गिरिडीह	37	25	62	6.23
24.	बोकारो	0	0	0	0.00
राज्य योग		**590**	**405**	**995**	**100.0**

सारणी 5.2



सारणी 4.23 एवं 4.24 के अवलोकन से स्पष्ट है की वर्ष 2023 में राज्य में मृत–जन्म का कुल 995 निबंधन हुआ है, जिसमें पुरूष मृत–जन्म 590 एवं महिला मृत–जन्म 405 है। वर्ष 2023 में राज्य के धनबाद जिले में मृत–जन्म की सर्वाधिक घटना 255 दर्ज की गई है जबकि कोडरमा, खूँटी, सिमडेगा एवं बोकारो में मृत–जन्म शून्य है।

धनबाद जिले का मृत जन्म की हिस्सेदारी कुल मृत जन्म निबंधन का 25.63% है। इसी प्रकार लातेहार का 17.29%, देवघर का 7.94%, पूर्वी–सिंहभूम का 7.44%, एवं गुमला का 6.83% है। शेष जिलो की हिस्सेदारी घटती गयी है कोडरमा, खूँटी, सिमडेगा एवं बोकारो में मृत–जन्म की हिस्सेदारी शून्य प्रतिशत है।

अध्याय–6

मृत्यु का कारण (उम्रवार एवं लिंगवार)

वर्ष 2023 में मृत्यु के कारणों का चिकित्सा प्रमाण–पत्र (MCCD) पर प्रतिवेदन का विश्लेषण

मृत्यु के कारणों का चिकित्सा प्रमाण–पत्र पर प्रतिवेदन, Mortality statistics साक्ष्य आधारित एक विश्वसनीय प्रतिवेदन है। इस प्रतिवेदन के आधार पर प्रशासक, नीति नियोजक, अनुसंधानकर्ता एवं अन्य पेशेवर द्वारा आम जनों के स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का निर्माण एवं अनुश्रवण के लिए उपयोग किया जाता हैं ।

राज्य में मृत्यु के कारणों का चिकित्सा प्रमाण–पत्र पर राज्य स्तरीय प्रतिवेदन–वर्ष 2023 इस प्रकार है:-

पुरूष	स्त्री	कुल
11832	6222	18054

राज्य स्तर पर वर्ष 2023 में कुल 152750 मृत्यु निबंधन हुआ है और उसमें से 34550 की मृत्यु अस्पताल में हुई हैं। 34550 में 18054 मृतक को मृत्यु के कारणों का चिकित्सा प्रमाण–पत्र चिकित्सक द्वारा जारी किया गया है, जो अस्पताल में कुल मृतकों का 52.25% है। वर्ष 2023 में कुल जारी किये गये मृत्यु के कारणों का चिकित्सा प्रामण–पत्र, कुल मृत्यु निबंधन के विरूद्ध 11.82% है।

सारणी–6.1

MCCD BY AGE AND SEX ACCORDING TO NATIONAL LIST OF TENTH REVISION OF ICD													
SL NO	CAUSE OF DEATH	STATE-JHARKHAND											
		AGE GROUPS											
		<1	1-4	5-14	15-24	25-34	34-44	45-54	55-64	65-69	70+	N.S.	TOTAL
1	CERTAIN INFECTIOUS AND PARASITIC DISEASE	76	16	21	70	107	139	159	174	70	150	0	**982**
2	NEOPLASMS	1	1	5	21	30	54	50	68	39	179	0	**448**
3	DISEASE OF THE BLOOD AND BLOOD-FORMIN ORGANS AND CERTAIN DISORDER INVOLVING THE IMMUNE MECHANISM	0	1	3	10	14	12	22	16	6	14	0	**98**
4	ENDOCRINE, NUTRITIONAL AND METABOLIC DISEASES	2	0	4	7	5	12	45	34	20	58	0	**187**
5	MENTAL AND BEHAVIOURAL DISORDERS	1	0	0	1	3	5	11	5	4	6	0	**36**
6	DISEASES OF THE NERVOUS SYSTEM	6	11	12	93	179	298	346	343	159	245	0	**1692**
7	DISEASES OF THE EYE AND ADNEXA	4	2	1	0	0	2	2	3	0	1	0	**15**
8	DISEASES OF THE EAR AND MASTOID PROCESS	0	0	0	1	0	0	2	0	0	0	0	**3**
9	DISEASES OF THE CIRCULATORY SYSTEM	283	47	74	215	486	872	1261	1635	796	2551	0	**8220**

SL NO	CAUSE OF DEATH	AGE GROUPS											
		<1	1-4	5-14	15-24	25-34	34-44	45-54	55-64	65-69	70+	N.S.	TOTAL
10	DISEASES OF THE RESPIRATORY SYSTEM	119	18	49	143	211	362	462	480	211	464	0	**2519**
11	DISEASES OF THE DIGESTIVE SYSTEM	2	1	1	17	70	109	107	55	20	26	0	**408**
12	DISEASES OF THE SKIN AND SUBCUTANEOUS TISSUE	1	0	0	3	3	7	8	11	7	8	0	**48**
13	DISEASES OF THE MUSCULOSKELETAL SYSTEM AND CONNECTIVE TISSUE	1	0	0	4	9	3	3	5	2	2	0	**29**
14	DISEASES OF THE GENITOURINARY SYSTEM	3	1	2	12	20	41	56	61	34	63	0	**293**
15	PREGNANCY, CHILDBIRTH AND THE PUERPERIUM	7	1	0	5	2	2	0	2	0	3	0	**22**
16	CERTAIN CONDITIONS ORIGINATING IN THE PERINATAL PERIOD	337	7	0	5	3	7	6	12	8	10	0	**395**
17	CONGENITAL MALFORMATIONS, DEFORMATIONS AND CHROMOSOMAL ABNORMALITIES	0	1	0	8	31	41	57	70	30	38	0	**276**
18	SYMPTOMS, SIGNS AND ABNORMAL CLINICAL AND LABORATORY FINDINGS,NOT ELSEWHERE CLASSIFIED	17	5	6	40	51	93	144	138	64	107	0	**665**
19	INJURY, POISONING AND CERTAIN OTHERCONSEQUENCES OF EXTERNAL CAUSES	27	2	13	86	127	136	136	102	40	62	0	**731**
20	EXTERNAL CAUSES OF MORBIDITY AND MORTALITY	1	6	33	224	169	190	145	104	38	43	0	**953**
21	CODES FOR SPECIAL PURPOSES (COVID-19, VIRUS IDENTIFIED,COVID-19, VIRUS NOT IDENTIFIED)	0	0	0	3	2	6	2	6	6	9	0	**34**
Grand total		**888**	**120**	**224**	**968**	**1522**	**2391**	**3024**	**3324**	**1554**	**4039**	**0**	**18054**

मृत्यु के कारणों का चिकित्सा प्रमाण–पत्र के प्रतिवेदन का निष्कर्ष:- कुल 21 प्रकार के मृत्यु–समूह में मृत्यु के 10 प्रमुख कारण निम्नलिखित मृत्यु–समूह हैं, जो मृत्यु के कुल चिकित्सकीय रूप से प्रमाणित कारणों का लगभग 94.23% हैं:-

- DISEASES OF THE CIRCULATORY SYSTEM - 45.53
- DISEASES OF THE RESPIRATORY SYSTEM- 13.95
- DISEASES OF THE NERVOUS SYSTEM- 9.37

- CERTAIN INFECTIOUS AND PARASITIC DISEASE- 5.44
- EXTERNAL CAUSES OF MORBIDITY AND MORTALITY- 5.29
- INJURY, POISONING AND CERTAIN OTHERCONSEQUENCES OF EXTERNAL CAUSES – 4.05
- SYMPTOMS, SIGNS AND ABNORMAL CLINICAL AND LABORATORY- 3.68
- NEOPLASMS- 2.48
- DISEASES OF THE DIGESTIVE SYSTEM- 2.26
- PREGNANCY, CHILDBIRTH AND THE PUERPERIUM – 2.19

उम्रवार मृत्यु के कारण:-

- चिकित्सकीय रूप से प्रमाणित कुल मृत्यु का 4.92 प्रतिशत मृत्यु शिशुओं (1 वर्ष से कम आयु) में दर्ज किया गया है।
- CERTAIN INFECTIOUS AND PARASITIC DISEASE में कुल मृत्यु 982 (5.44%) हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु 45–54 आयु वर्ग वालों में 159 और सबसे कम 1–4 आयु वर्ग वालों में 16 की मृत्यु हुई है।
- NEOPLASMS में कुल मृत्यु 448 (2.48%) हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु 70+ की आयु वर्ग वालों में 179 और सबसे कम 1–4 आयु वर्ग वालों में कुल 1 मृत्य हुई है।
- DISEASE OF THE BLOOD AND BLOOD-FORMIN ORGANS AND CERTAIN DISORDER INVOLVING THE IMMUNE MECHANISM में कुल मृत्यु 498 (2.76%) हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु 45–54 आयु वर्ग वालों में 22 और <1 आयु वर्ग वालों में कोई मृत्यु नहीं हुई है।
- ENDOCRINE, NUTRITIONAL AND METABOLIC DISEASES में कुल मृत्यु 187 (1.04%) हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु 70+ आयु वर्ग वालों में 58 और 1–4 आयु वर्ग वालों में कोई मृत्यु नहीं हुई है।
- MENTAL AND BEHAVIOURAL DISORDERS में कुल मृत्यु 36 हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु 45–54 आयु वर्ग वालों में 11 और 1–4 आयु वर्ग वालों में कोई मृत्यु नहीं हुई है।
- DISEASES OF THE NERVOUS SYSTEM में कुल मृत्यु 1652 (9.15%) हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु 45–54 आयु वर्ग वालों में 346 और <1 आयु वर्ग वालों में कुल 6 मृत्यु हुई है।
- DISEASES OF THE EYE AND ADNEXA में कुल मृत्यु 15 हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु <1 आयु वर्ग वालों में कुल 4 और 15–34 आयु वर्ग वालों में कोई मृत्यु नहीं हुई है।
- DISEASES OF THE EAR AND MASTOID PROCESS में कुल मृत्यु 3 हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु 45–54 आयु वर्ग वालों में कुल 2 और 15–34 आयु वर्ग वालों में केवल 1 मृत्यु हुई है।
- DISEASES OF THE CIRCULATORY SYSTEM PROCESS में कुल मृत्यु 8020 (44.4%) हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु 70+ आयु वर्ग वालों में कुल 2551 और 1–4 आयु वर्ग वालों में केवल 47 मृत्यु हुई है।
- DISEASES OF THE RESPIRATORY SYSTEM में कुल मृत्यु 2519 (13.95%) हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु 55–64 आयु वर्ग वालों में कुल 480 और 1–4 आयु वर्ग वालों में केवल 18 मृत्यु हुई है।

- DISEASES OF THE DIGESTIVE SYSTEM में कुल मृत्यु 408 (2.26%) हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु 35–44 आयु वर्ग वालों में कुल 109 और 1–4 आयु वर्ग वालों में केवल 1 मृत्यु हुई है।
- DISEASES OF THE SKIN AND SUBCUTANEOUS TISSUE में कुल मृत्यु 48 हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु 55–64 आयु वर्ग वालों में कुल 11 और 1–4 आयु वर्ग वालों कोई मृत्यु नहीं हुई है।
- DISEASES OF THE MUSCULOSKELETAL SYSTEM AND CONNECTIVE TISSUE में कुल मृत्यु 29 हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु 25–34 आयु वर्ग वालों में कुल 9 और 1–4 आयु वर्ग वालों कोई मृत्यु नहीं हुई है।
- DISEASES OF THE GENITOURINARY SYSTEM में कुल मृत्यु 293 (1.62%) हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु 70+ आयु वर्ग वालों में कुल 63 और 1–4 आयु वर्ग वालों केवल 1 मृत्यु हुई है।
- PREGNANCY, CHILDBIRTH AND THE PUERPERIUM में कुल मृत्यु 22 हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु 15–24 आयु वर्ग वालों में कुल 5 और 1–4 आयु वर्ग वालों केवल 1 मृत्यु हुई है।
- CERTAIN CONDITIONS ORIGINATING IN THE PERINATAL PERIOD में कुल मृत्यु 235 (1.30%) हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु <1 आयु वर्ग वालों में कुल 198 और 5–14 आयु वर्ग वालों में कोई मृत्य नहीं हुई है।
- CONGENITAL MALFORMATIONS, DEFORMATIONS AND CHROMOSOMAL ABNORMALITIES में कुल मृत्यु 276 (1.53%) हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु 55–64 आयु वर्ग वालों में कुल 70 और <1 आयु वर्ग वालों में कोई मृत्यु नहीं हुई है।
- SYMPTOMS, SIGNS AND ABNORMAL CLINICAL AND LABORATORY FINDINGS,NOT ELSEWHERE CLASSIFIED में कुल मृत्यु 665 (3.68%) हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु 45–54 आयु वर्ग वालों में कुल 144 और 1–4 आयु वर्ग वालों में कुल 5 मृत्यु हुई है।
- INJURY, POISONING AND CERTAIN OTHERCONSEQUENCES OF EXTERNAL CAUSES में कुल मृत्यु 731 (4.05%) हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु 35–54 आयु वर्ग वालों में कुल 272 और 1–4 आयु वर्ग वालों में कुल 2 मृत्यु हुई है।
- EXTERNAL CAUSES OF MORBIDITY AND MORTALITY में कुल मृत्यु 953 (5.27%) हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु 15–24 आयु वर्ग वालों में कुल 224 और <1 आयु वर्ग वालों में केवल 1 मृत्यु हुई है।
- CODES FOR SPECIAL PURPOSES (COVID-19, VIRUS IDENTIFIED,COVID-19, VIRUS NOT IDENTIFIED) में कुल मृत्यु 43 हुई है, एवं सबसे अधिक मृत्यु 70+ आयु वर्ग वालों में कुल 9 और <1 आयु वर्ग वालों में कोई मृत्यु नहीं हुई है।

लिंगवार चिकित्सकीय रूप से प्रमाणित मृत्यु :- चिकित्सकीय रूप से प्रमाणित कुल मामलों में पुरूष एवं महिला मृत्यु क्रमशः 65.54% और 34.56% है। चिकित्सकीय रूप से प्रमाणित प्रति 1000 पुरूष मृत्यु पर 526 महिला मृत्यु है।

वर्ष 2023 में मृत्यु में मृत्यु के कारणों का चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर लिंगवार मृत्यु स्थिति सारणी 3.15 एवं 3.16 में मृत्यु में मृत्यु के कारणों का चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर लिंगवार मृत्यु स्थिति को दर्शाया गया है। मृत्यु के कारणों को 21 वृहत समूह में बाटा गया है।

झारखण्ड राज्य में सबसे अधिक मृत्यु DISEASES OF THE CIRCULATORY SYSTEM (8220) के कारण हुई है। इसके बाद DISEASES OF THE RESPIRATORY SYSTEM (2519) के कारण हुई है। इसके बाद DISEASES OF THE NERVOUS SYSTEM (1692) के कारण हुई है। इसके बाद CERTAIN INFECTIOUS AND PARASITIC DISEASE (982) के कारण हुई है। DISEASES OF THE EAR AND MASTOID PROCESS की बीमारियों के कारण बहुत कम मृत्यु हुई है।

सारणी 6.2

वर्ष 2023 में मृत्यु के कारणों का चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर लिंगवार मृत्यु स्थिति

क्र0	मृत्यु का कारण	महिला मृत्यु	पुरूष मृत्यु	कुल
1	Certain Infectious And Parasitic Disease	395	587	982
2	Neoplasms	180	268	448
3	Disease Of The Blood And Blood-Formin Organs And Certain Disorder Involving The Immune Mechanism	44	54	98
4	Endocrine, Nutritional And Metabolic Diseases	74	113	187
5	Mental And Behavioural Disorders	13	23	36
6	Diseases Of The Nervous System	525	1167	1692
7	Diseases Of The Eye And Adnexa	4	11	15
8	Diseases Of The Ear And Mastoid Process	1	2	3
9	Diseases Of The Circulatory System	2986	5234	8220
10	Diseases Of The Respiratory System	974	1545	2519
11	Diseases Of The Digestive System	75	333	408
12	Diseases Of The Skin And Subcutaneous Tissue	13	35	48
13	Diseases Of The Musculoskeletal System And Connective Tissue	5	24	29
14	Diseases Of The Genitourinary System	108	185	293
15	Pregnancy, Childbirth And The Puerperium	22	-	22
16	Certain Conditions Originating In The Perinatal Period	160	235	395
17	Congenital Malformations, Deformations And Chromosomal Abnormalities	82	194	276
18	Symptoms, Signs And Abnormal Clinical And Laboratory Findings, Not Elsewhere Classified	187	478	665
19	Injury, Poisoning And Certain Otherconsequences Of External Causes	193	538	731
20	External Causes Of Morbidityand Mortality	163	790	953
21	Codes For Special Purposes (Covid-19, Virus Identified,Covid-19, Virus Not Identified)	18	16	34



झारखण्ड सरकार

जीवनांक 2023: एक समीक्षात्मक अध्ययन

भाग–2

जिला स्तरीय जीवनांक सम्बन्धी समीक्षात्मक अध्ययन

सिमडेगा



क्षेत्रफल (वर्ग किमी.)	3774
प्रखण्ड की संख्या	10
पंचायत की संख्या	94
वार्ड पार्षद की संख्या	1099
मुखिया की संख्या	94
पंचायत समिति सदस्य की संख्या	111
जिला परिषद सदस्य की संख्या	11
कुल जनसंख्या, 2011	599578
जनसंख्या वृद्धि दर, 2011	16.58
जनसंख्या घनत्व, 2011	159
लिंगानुपात, 2011	997
अनुसूचित जाति की जनसंख्या, 2011	44674
अनुसूचित जाति का प्रतिशत, 2011	7.45
अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या, 2011	424407
अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत, 2011	70.8
साक्षरों की संख्या, 2011	343483
कुल साक्षरता दर, 2011	67.99
पुरूष साक्षरता दर, 2011	76.08
महिला साक्षरता दर, 2011	59.92
वर्ष 2023 में अनुमानित जनसंख्या	728847
वर्ष 2023 में पुरूषों की अनुमानित जनसंख्या	365056
वर्ष 2023 में महिला की अनुमानित जनसंख्या	363791
वर्ष 2023 में कुल जन्म निबंधन की संख्या	24446
वर्ष 2023 में कुल पुरूष जन्म निबंधन की संख्या	11955
वर्ष 2023 में कुल महिला जन्म निबंधन की संख्या	12491
वर्ष 2023 में कुल मृत्यु निबंधन की संख्या	4288
वर्ष 2023 में कुल पुरूष मृत्यु निबंधन की संख्या	2852
वर्ष 2023 में कुल महिला मृत्यु निबंधन की संख्या	1436

एक परिचय :– सिमडेगा झारखण्ड राज्य में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल स्थित एक जिला है। इसकी दक्षिणी सीमा उड़ीसा एवं पश्चिमी सीमा छत्तीसगढ़ राज्य को स्पर्श करती है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार इस जिले की कुल जनसंख्या 599578 है। इनमें पुरूष जनसंख्या 300309 एवं महिला की जनसंख्या 299269 है। वर्ष 2023 में सिमडेगा जिले की अनुमानित जनसंख्या 728847 है जिनमें पुरूष की अनुमानित जनसंख्या 365056 और अनुमानित महिला जनसंख्या 363791 है। वर्ष 2022 की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर इस जिले का लिगांनुपात 949 है। वर्ष 2022 में जन्म निबंधन के आधार पर लिंगानुपात 1021 है और वर्ष 2023 में जन्म निबंधन के आधार पर लिंगानुपात 1045 है।

वर्ष 2023 एवं 2022 के क्षेत्रवार/माहवार जन्म निबंधन की विवरणी

क्रमांक	माह	ग्रामीण/शहरी क्षेत्र	वर्ष 2023 में जन्म निबंधन की संख्या	वर्ष 2022 में जन्म निबंधन की संख्या
1	जनवरी	ग्रामीण	1306	602
		शहरी	189	41
		कुल	1495	643
2	फरवरी	ग्रामीण	1427	907
		शहरी	241	222
		कुल	1668	1129
3	मार्च	ग्रामीण	1386	953
		शहरी	150	209
		कुल	1536	1162
4	अप्रैल	ग्रामीण	1771	1029
		शहरी	141	109
		कुल	1912	1138
5	मई	ग्रामीण	1792	572
		शहरी	273	160
		कुल	2065	732
6	जून	ग्रामीण	1424	751
		शहरी	682	185
		कुल	2106	936
7	जुलाई	ग्रामीण	2142	1272
		शहरी	390	282
		कुल	2532	1554
8	अगस्त	ग्रामीण	1897	1147
		शहरी	375	165
		कुल	2272	1312
9	सितंबर	ग्रामीण	1709	1395
		शहरी	234	162
		कुल	1943	1557
10	अक्टूबर	ग्रामीण	2295	927
		शहरी	354	132
		कुल	2649	1059
11	नवम्बर	ग्रामीण	1799	1230
		शहरी	322	233
		कुल	2121	1463
12	दिसम्बर	ग्रामीण	1839	1433
		शहरी	308	230
		कुल	2147	1663
कुल		ग्रामीण	**20787**	**12218**
		शहरी	**3659**	**2130**
		कुल	**24446**	**14348**

1. जन्म निबंधन :– वर्ष 2022 में सिमडेगा जिले में कुल जन्म निबंधन 14348 दर्ज है जिसमें पुरूष जन्म निबंधन 7100 एवं महिला जन्म निबंधन 7248 दर्ज है। जन्म निबंधन का स्तर 85.89% है। वर्ष 2023 में सिमडेगा जिले में कुल जन्म निबंधन 24446 दर्ज है जिसमें पुरूष जन्म निबंधन 11955 एवं महिला जन्म निबंधन 12491 दर्ज है। जन्म निबंधन का स्तर 149.44% है।

वर्ष 2022 में ग्रामीण क्षेत्र में कुल जन्म निबंधन 12218 एवं शहरी क्षेत्र में कुल जन्म निबंधन 2130 है। वर्ष 2022 में कुल निबंधन की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र की निबंधन हिस्सेदारी 85.15% और शहरी क्षेत्र की निबंधन हिस्सेदारी 14.85% है। इसी प्रकार वर्ष 2023 में ग्रामीण क्षेत्र में कुल जन्म निबंधन 20787 एवं शहरी क्षेत्र में कुल जन्म निबंधन 3659 है। वर्ष 2023 में कुल निबंधन की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र की निबंधन हिस्सेदारी 85.03% और शहरी क्षेत्र की निबंधन हिस्सेदारी 14.97% है। वर्ष 2023 में ग्रामीण क्षेत्रों का निबंधन वर्ष 2022 की तुलना में कुल निबंधन से 0.12% कम है।

सारणी–1.1 एवं 1.2 में जन्म की घटनाओं का माहवार निबंधन एवं माहवार स्तर दर्शाया गया है। वर्ष 2023 में जन्म की घटनाओं का निबंधन माह अक्टूबर में सबसे अधिक दर्ज की गई है और माह जनवरी में सबसे कम जन्म की घटनाओं का निबंधन हुआ है। माह अक्टूबर में जन्म की घटनाओं का निबंधन 2649 (10.84%) और माह जनवरी में जन्म की घटनाओं का निबंधन 1495 (6.12%) है।

सारणी–1.1
वर्ष 2023 में जन्म निबंधन की माहवार विवरणी

माह	2023	माहवार स्तर
जनवरी	1495	6.12
फरवरी	1668	6.82
मार्च	1536	6.28
अप्रैल	1912	7.82
मई	2065	8.45
जून	2106	8.61
जुलाई	2532	10.36
अगस्त	2272	9.29
सितंबर	1943	7.95
अक्टूबर	2649	10.84
नवम्बर	2121	8.68
दिसम्बर	2147	8.78
कुल	**24446**	100.00

सारणी–1.2



शहरी/ग्रामीण क्षेत्र में जन्म निबंधन :– वर्ष 2023 में **सिमडेगा** जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल दर्ज जन्म निबंधन की संख्या **20787** है और शहरी क्षेत्र में कुल दर्ज जन्म निबंधन की संख्या **3659** है। वर्ष 2022 में **सिमडेगा** जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल दर्ज जन्म निबंधन की संख्या **12218** है और शहरी क्षेत्र में कुल दर्ज जन्म निबंधन की संख्या **2130** है। शहरी/ग्रामीण क्षेत्र में माहवार जन्म निबंधन की संख्या नीचे सारणी में दिखाई गयी है:–

वर्ष 2023 एवं 2022 में दर्ज किये गये निबंधन की माहवार घटनाओं को सारणी 1.3 एवं 1.4 में दर्शाया गया है।

